






## एक नजर में

### जिले में अब तक 81.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**मंदसौर।** जिले में इस वर्ष अबतक औसतन 81.3 मि.मी. वर्षा दर्ज की गयी है। जबकि पिछले 24 घन्टों में मंदसौर जिले में 14.0 मिमी वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। पिछले 24 घन्टों में भानपुरा में 14.2 मि.मी., भावगढ़ में 0 मि.मी., गरोठ में 36.6 मि.मी., मल्हारगढ़ मे 0 मि.मी., संजीत में 0 मि.मी., धुंधड़का में 0 मि.मी., मंदसौर में 0 मि.मी., शामगढ़ में 16.4 मि.मी., कयामपुर में 14.0 मि.मी., सीतामऊ में 29.4 मि.मी. एवं सुवासरा में 44.0 मि.मी. वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। विगत 1 जून से अब तक वर्षामापक केन्द्र भानपुरा में 107.2 मि.मी., भावगढ़ में 37.0 मि.मी., गरोठ में 91.8 मि.मी., मल्हारगढ़ मे 108.0 मि.मी., संजीत में 60.0 मि.मी., धुधंड़का में 94.0 मि.मी., मंदसौर में 48.0 मि.मी., शामगढ़ में 100.2 मि.मी., कयामपुर में 90.5 मि.मी., सीतामऊ में 95.2 मि.मी. एवं सुवासरा में 63.0 मि.मी., वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। गांधीसागर बांध का जल स्तर अब तक 1288.42 फीट है।

### मत्स्याखेट, मत्स्य विक्रय और मत्स्य परिवहन पर 15 अगस्त तक प्रतिबंध : कलेक्टर

**मंदसौर।** मध्यप्रदेश नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम 1972 की धारा-3(2) के अंतर्गत कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग द्वारा जिले में से 15 अगस्त 2026 तक की अवधि में मत्स्याखेट निषेध किया गया है। इस दौरान मत्स्याखेट की रोकधाम मत्स्याखेट, मत्स्य विक्रय व मत्सय परिवहन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। मध्यप्रदेश नदीय मत्स्योद्योग नियम 1972 की धारा-3(2) के प्रावधानों के विरूद्ध एवं मत्स्य क्षेत्र संशोधन अधिनियम 1981 की धारा 5 के तहत उल्लघनकर्ताओं को एक वर्ष तक का कारावास या 5 हजार रूपये का जुर्माना या दोनों से दण्डित किया जाएगा। म.प्र. शासन मछली पालन विभाग द्वारा छोटे तालाब या अन्य स्त्रोत जिनका कोई संबंध किसी नदी से नहीं है और जिन्हे निर्दिष्ट जल की परिभाषा के अन्तर्गत नहीं लाया गया है को छोड़कर समस्त नदियों व जलाशयों में बंदऋतु में मत्स्याखेट पूर्णत- प्रतिबंधित रहेगा। इस अवधि ने किसी प्रकार का मत्स्याखेट एवं परिवहन व विक्रय न करे एव ना ही इन कार्यों में सहयोग दे। नियमों के उल्लंघनकर्ताओं के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जावेगी।

### मंदसौर सीए शाखा ने किया रणथंबोर में रेजिडेंशियल रिफ्रेशर कोर्स का आयोजन




**मंदसौर।** आईसीएआई की प्रोफेशनल डेवलपमेंट कमेटी के सहयोग एवं कोटा शाखा के साथ मिलकर मंदसौर सीए शाखा द्वारा रणथंबोर स्थित बाघ अनंता रिसोर्ट में रेजिडेंशियल रिफ्रेशर कोर्स (आरआरसी) का आयोजन किया गया। इस दो दिवसीय कोर्स में मंदसौर एवं कोटा शाखा के कई सीए सदस्यों ने भाग लिया। जिनमें सीए दीपक सिंघल, सीए विनय अग्रवाल, सीए रितेश, सीए सौरभ जैन, सीए नवीन कुमार, सीए साहिल बिरला, सीए विकास गोस्वामी, सीए प्रकाश चौधरी, सीए कपिल काबरा, सीए सुधांशु उपाध्याय, सीए पवन जैन, सीए रितेश पारीख, सीए राजेश जैन, सीए प्रज्वी जैन एवं अन्य सभी सीए सदस्य उपस्थित थे । कार्यक्रम का शुभारंभ मंदसौर सीए शाखा अध्यक्ष सीए विनय अग्रवाल के स्वागत भाषण से हुआ। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रोफेशनल विषयों पर चर्चा की गई। आरआरसी में तीन वक्ताओं - सीए आशीष जैन, सीए आयुष जैन एवं सीए रोहन सोमानी ने सीए प्रोफेशन के विकास एवं नवीन आयामों पर सदस्यों को संबोधित किया। अंत में शाखा सचिव सीए अर्पित मेहता ने आभार व्यक्त किया।

## 'छात्रों की गूंज' संवाद कार्यक्रम, शिक्षा-रोजगार के मुद्दों पर चर्चा

**मंदसौर। जिला मुख्यालय मंदसौर में गुरुवार को छात्रों की गूंज कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों के साथ संवाद आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षा व्यवस्था में बढ़ते अन्याय, लगातार हो रहे पेपर लीक, भर्ती घोटालों तथा युवाओं के भविष्य के साथ हो रहे खिलवाड़ के खिलाफ छात्रों की आवाज़ को मजबूती प्रदान करना था।**



कार्यक्रम में विद्यार्थियों को कोटा में आयोजित 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम के दौरान आदरणीय राहुल गांधी द्वारा छात्रों के साथ किए गए संवाद, उनके विचारों एवं युवाओं से जुड़े मुद्दों पर रखे गए दृष्टिकोण की जानकारी दी गई। इस दौरान छात्रों ने शिक्षा, रोजगार एवं प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित अपनी समस्याएं और अनुभव भी साझा किए। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री गुर्जर ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा शुरू की गई यह मुहिम देश के करोड़ों युवाओं के अधिकार, सम्मान और भविष्य की लड़ाई है। शिक्षा और रोजगार से जुड़े गंभीर मुद्दों पर युवाओं की आवाज़ को मजबूती देना समय की आवश्यकता है। यह संघर्ष केवल छात्रों का नहीं, बल्कि देश के भविष्य को सुरक्षित करने का संघर्ष है।

कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेन्द्र सिंह गुर्जर, जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष सुनील बसेर, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गेश पटेल, शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इष्टा भाचावत, ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विकास दशोरा, जिला एनएसयूआई अध्यक्ष रितिक पटेल, शहर युवा कांग्रेस अध्यक्ष सम्यक जैन सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे एवं संवाद कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाई।

कार्यक्रम के अंत में युवाओं के हितों की रक्षा तथा शिक्षा एवं रोजगार व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए संघर्ष को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया।

## भानपुरा-गरोठ में होगा विशेष उद्यम पंजीयन अभियान 29 जून को

**▸ स्व-सहायता समूहों से जुड़े उद्यमियों को मिलेगा उद्यम पंजीयन एवं मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना की जानकारी**

**मंदसौर।** जिला परियोजना प्रबंधक म.प्र.डे.-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन एवं महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र मंदसौर ने बताया कि म.प्र.डे.-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन एवं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग (एमएसएमई विभाग) के संयुक्त तत्वावधान में जिले के समस्त विकासखंडों में स्व-सहायता समूहों से जुड़े उद्यमियों के लिए विशेष उद्यम पंजीयन अभियान जारी रहेगा।

अभियान के अंतर्गत विकासखंड भानपुरा एवं गरोठ में 29 जून 2026 को जनपद पंचायत स्तर पर विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविरों के माध्यम से निर्धारित लक्ष्य के अनुसार गैर-कृषि उद्यमों का उद्यम पंजीयन किया जाएगा। शिविरों में उद्यम पंजीयन के साथ-साथ मध्यप्रदेश शासन की हितग्राही मूलक मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के अंतर्गत ऋण प्राप्ति हेतु आवेदन प्रक्रिया की जानकारी भी प्रदान की जाएगी। पात्र हितग्राहियों को योजना से जुड़ी आवश्यक जानकारी एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे वे स्वरोजगार स्थापित कर आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें। संबंधित अधिकारियों ने स्व-सहायता समूहों से जुड़े सभी पात्र उद्यमियों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथियों पर आयोजित शिविरों में उपस्थित होकर उद्यम पंजीयन एवं विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त करें।

## मोहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक

**मंदसौर।** आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस नियंत्रण कक्ष मंदसौर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।


अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तेरसिंह बघेल के नेतृत्व में आयोजित हुई, जिसमें नगर पुलिस अधीक्षक जितेंद्र भास्कर, थाना प्रभारी शहर कोतवाली पुष्पेंद्र सिंह राठौर, मुस्लिम समाज के गणमान्य नागरिकों एवं शांति समिति सदस्यों ने भाग लिया।बैठक में मोहर्रम के दौरान सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था, जुलूस मार्ग, यातायात प्रबंधन तथा आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। आयोजन को सुचारु एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए समिति सदस्यों एवं वालंटियर्स को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा विभिन्न सुझावों पर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों ने राज्य स्तरीय विशेष अभियान साइबर सेफ क्लिक के तहत साइबर अपराधों से बचाव एवं जागरूकता संबंधी जानकारी भी दी। साथ ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर किसी भी प्रकार की भड़काऊ, भ्रामक, असत्य अथवा आपत्तिजनक सामग्री को साझा नहीं करने की अपील की गई। पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से आपसी भाईचारा, शांति एवं सद्भाव बनाए रखते हुए त्योहार मनाने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने का आग्रह किया। शांतिपूर्ण और सुरक्षित वातावरण बनाए रखने में आमजन का सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## निर्जला एकादशी पर मल्हारगढ़ खाटूश्याम मंदिर में उमड़े भक्त

**▸ दर्शनार्थियों की लंबी कतारों के चलते नहीं हुए पट मंगल**

**मल्हारगढ़।** नगर मे स्थित श्री खाटूश्याम मंदिर में निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर बाबा श्री श्याम का आम के फलों से भव्य एवं आकर्षक श्रृंगार किया गया। मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी तथा पूरा वातावरण 'श्याम बाबा की जय' के जयकारों से भक्तिमय हो उठा।

इस अवसर पर आसपास के लगभग 25 से 30 गांवों से श्रद्धालु बाबा का निशान लेकर पैदल यात्रा करते हुए मंदिर पहुंचे। भक्तों की अभूतपूर्व भी के कारण मंदिर में अब तक की सर्वाधिक



संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। बाबा के दर्शनों हेतु लगी लंबी कतारों के चलते दोपहर में मंदिर के पट मंगल नहीं किए जा सके, जिससे अधिक से अधिक श्रद्धालु बाबा के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त कर सकें। मंदिर समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए तीन क्विंटल आम रस की प्रसादी एवं साबूदाना खिची का वितरण किया गया। बी संख्या में उपस्थित भक्तों ने प्रसादी ग्रहण कर बाबा श्री श्याम का आशीर्वाद प्राप्त किया। निर्जला एकादशी के अवसर पर आयोजित इस भव्य धार्मिक आयोजन ने श्रद्धा, सेवा और भक्ति का अनुपम संदेश दिया। श्रद्धालुओं की अपार आस्था एवं उत्साह ने पूरे आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया।

## श्री शक्ति लीनेस क्लब पिपलिया मंडी का शपथ ग्रहण समारोह आज

**पिपलियामंडी।** श्री शक्ति लीनेस क्लब पिपलियामंडी के नवीन सत्र के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन 26 जून 2026 को पटेल होटल, पिपलियामंडी में किया जाएगा। समारोह में क्लब की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई जाएगी। आयोजन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष लीनेस पुष्पा वरुण मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी, जबकि मल्टीपल प्रेसिडेंट अंजना सिंघल विशिष्ट



अतिथि के रूप में शामिल होंगी। इसके अलावा प्रशासनिक सचिव कविता चौहान, जिला ऑल इन वन दीपिका सोनी, समाजसेवी एवं योग शिक्षिका बंटू भूत तथा नगर परिषद अध्यक्ष इंदिरा देवरिया विशेष अतिथि के रूप में उपस्तिथ रहेगी। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान प्रियंका जैन अध्यक्ष, मोनिका सेठिया सचिव तथा संतोष भूत कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभालेंगी। इसके साथ ही क्लब के अन्य पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को भी शपथ दिलाई जाएगी। महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं समाज सेवा से जुड़े विभिन्न प्रकल्पों एवं योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। यह जानकारी श्री शक्ति लीनेस क्लब की संस्थापक अध्यक्ष नीलिमा अग्रवाल ने दी।

## सूपड़ा में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी

**पिपलियामंडी।** पिपलियामंडी थाना क्षेत्र के ग्राम सूपड़ा में एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया । प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहन (26) पिता गोपाल मेघवाल निवासी सूपड़ा ने बुधवार देर रात अपने घर के किचन में अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। गुरुवार सुबह जब परिजन जागे तो उन्हें घटना की जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पिपलियामंडी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। बताया गया है कि मोहन मकान निर्माण कार्य ठेके पर लेकर काम करता था। उसकी शादी करीब पांच वर्ष पूर्व हुई थी। मोहन और उसकी बहन की आटा-साटा प्रथा के तहत शादी हुई थी। परिजनों के अनुसार पिछले लगभग तीन वर्षों से उसकी पत्नी उसके साथ नहीं रह रही थी द्ध

# नीमच

## एक नजर में

### मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक से 203.56 करोड़ से अधिक की सामाजिक सुरक्षा पेंशन राशि अंतरित की




**नीमच।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने गुरूवार को एक वर्चुअल कार्यक्रम में प्रदेश के 33 लाख 92 हजार से अधिक हितग्राहियों और वृद्धजनों के बैंक खाते में 203.56 करोड़ से अधिक की सामाजिक सुरक्षा पेंशन राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की। इस मौके पर नीमच के एनआईसी कक्ष में एडीएम श्री बी.एस.कलेश, उप संचालक सामाजिक न्याय सुश्री श्रुति भयडिया सहित जिले के हितग्राही उपस्थित थे।

### प्रथम प्रयास में सीए इंटरमीडिएट के दोनों ग्रुप उत्तीर्ण कर प्रतीति बंसल ने बढ़ाया नीमच का गौरव

**नीमच।** शहर की होनहार एवं प्रतिभाशाली छात्रा प्रतीति बंसल ने चार्टर्ड अकाउंटेंसी (सीए) इंटरमीडिएट परीक्षा में प्रथम प्रयास में ही दोनों ग्रुप (बोथ ग्रुप्स) उत्तीर्ण कर उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। उनकी इस उपलब्धि से न केवल परिवार बल्कि पूरे शहर में खुशी और गर्व का माहौल है। प्रतीति ने परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कॉस्टिंग विषय में 86 अंक प्राप्त किए तथा कुल 327 अंक अर्जित कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। सीए जैसी कठिन और प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षा में पहले ही प्रयास में दोनों ग्रुप उत्तीर्ण करना उनकी मेहनत, अनुशासन और समर्पण का प्रमाण है। प्रतीति की सफलता का सफर पहले से ही शानदार रहा है। उन्होंने कक्षा 12वीं के बाद प्रथम प्रयास में ही सीए फाउंडेशन परीक्षा भी सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की थी। अब सीए इंटरमीडिएट में मिली इस सफलता ने उनके उज्वल



भविष्य की संभावनाओं को और मजबूत कर दिया है। प्रतीति के पिता राजेश बंसल (भटकन) एवं परिवारजनों ने उनकी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि निरंतर अध्ययन, समय प्रबंधन और सकारात्मक सोच के कारण यह सफलता संभव हो सकी। परिवार ने उनकी मेहनत और दृढ़ संकल्प की सराहना करते हुए आगे भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन की उम्मीद जताई है। शिक्षकों, मित्रों एवं शुभचिंतकों ने भी प्रतीति को बधाई देते हुए कहा कि उनकी सफलता जिले के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। सीए जैसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में प्रथम प्रयास में सफलता प्राप्त कर प्रतीति ने यह साबित कर दिया है कि लक्ष्य के प्रति समर्पण और कठिन परिश्रम से किसी भी मंजिल को हासिल किया जा सकता है। प्रतीति बंसल की इस उपलब्धि पर समाजजनों, रिश्तेदारों एवं नगरवासियों ने शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

## 200 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ आग के हवाले

**नीमच/जावद। नशा मुक्त भारत अभियान के तहत केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) ने मध्यप्रदेश के नीमच जिले में देश की सबसे बड़ी मादक पदार्थ विनष्टीकरण कार्रवाइयों में से एक को अंजाम दिया। तस्करों से जब्त किए गए लगभग 200 करोड़ रुपये मूल्य के 40 टन से अधिक मादक पदार्थों और मन:प्रभावी औषधियों को वैज्ञानिक एवं पर्यावरणीय मानकों के अनुरूप नष्ट कर दिया गया।**

यह ऐतिहासिक कार्रवाई सीबीएन नीमच एवं कोटा (राजस्थान) के अधिकारियों की निगरानी में गठित उच्च स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी द्वारा की गई। जब्त मादक पदार्थों को नीमच जिले के खोर स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री के अत्याधुनिक बॉयलर में 1700 से 1800 डिग्री सेल्सियस तापमान पर



जलाकर पूरी तरह नष्ट किया गया। इस दौरान मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे, जिन्होंने पर्यावरणीय मानकों के पालन की निगरानी की।

**29 मामलों की जब्त खेप का विनष्टीकरण:** सीबीएन अधिकारियों के अनुसार एनडीपीएस अधिनियम 1985 एवं भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के तहत 29 विभिन्न प्रकरणों में जब्त मादक पदार्थों का विनष्टीकरण किया गया। नष्ट किए गए पदार्थों में 21,521.150 किलोग्राम पोस्ता भूसा, 8,555 किलोग्राम अफीम ब्लैक सीड्स, 15 किलोग्राम हेरोइन, 44.755 किलोग्राम मेफेड्रोन, 352 ग्राम ब्राउन शुगर तथा 631 ग्राम अल्प्राजोलम पाउडर शामिल हैं। इसके अलावा बड़ी मात्रा में मन:प्रभावी औषधियों को भी नष्ट किया गया, जिनमें 67,346 बोतल कोडीन फॉस्फेट सिरप, 1,39,260 ट्रामाडोल टैबलेट, 1,04,495 पेंटाजोसिन इंजेक्शन, 1,47,095 बुप्रेनॉर्फिन एम्प्यूल्स, 1,95,380 लोराजेपाम टैबलेट.

**▸ प्रमुख तथ्य**

- 200 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ नष्ट, 29 प्रकरणों में जब्त 40 टन से अधिक ड्रग्स एवं नशीले पदार्थों का विनष्टीकरण
- 21.5 टन से अधिक पोस्ता भूसा और 8.5 टन अफीम ब्लैक सीड्स नष्ट
- 15 किलो हेरोइन और 44.755 किलो मेफेड्रोन भी आग के हवाले
- 67 हजार की कोडीन सिरप- लाखों नशीली गोलियां नष्ट
- 37.649 किलो अफीम नियमानुसार नीमच अफीम फैक्ट्री भेजी जाएगी .
- अवैध कारोबार के खिलाफ देशव्यापी अभियान में एक उपलब्धि मानी जा रही है।

## नीमच-सिंगोली-बेगू-कोटा नई रेल लाइन में रतनगढ़ को शामिल करने की मांग

**रतनगढ़।** नीमच जिले की तहसील सिंगोली के प्रमुख धार्मिक,कृषि एवं व्यापारिक केंद्र रतनगढ़ को प्रस्तावित नीमच- सिंगोली-बेगू-कोटा नई रेल लाइन परियोजना में शामिल कर यहाँ रेलवे स्टेशन स्थापित करने की मांग तेज हो गई है। इस संबंध में क्षेत्र के जागरूक नागरिकों की ओर से टप्पा तहसील कार्यालय रतनगढ़ में भारत सरकार केरेल मंत्री के नाम एक विस्तृत ज्ञापन भेजा गया।ज्ञापन का वाचन गोविंद सिंह सांडा व आभार दिनेश सोलंकी के द्वारा व्यक्त किया गया।

ज्ञापन में बताया गया। कि रतनगढ़ में प्रसिद्ध श्री लक्ष्मीनाथ का मंदिर है,जो मध्यप्रदेश, राजस्थान और देश के विभिन्न हिस्सों से आने वाले श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है।वर्तमान में यहाँ रेलवे सुविधा न होने के कारण यात्रियों,श्रद्धालुओं, किसानों और व्यापारियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।और लंबी दूरी तय करनी पड़ती है।यह क्षेत्र राजस्थान की सीमा के निकट स्थित होने के कारण एक बेहद महत्वपूर्ण क्षेत्रीय भूमिका निभाता है।नागरिकों ने ज्ञापन में रेखांकित किया है।कि यदि रतनगढ़ में रेलवे स्टेशन स्थापित किया जाता है,तो इसके दूरगामी लाभ होंगे श्रद्धालुओं,किसानों व युवाओं को सुविधा श्री लक्ष्मीनाथ मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को सीधी रेल कनेक्टिविटी मिलेगी।किसानों को अपनी कृषि उपज के परिवहन के लिए सुलभ, सस्ता और किफायती साधन उपलब्ध होगा।शिक्षा, रोजगार और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए आने -जाने वाले विद्यार्थियों और युवाओं को बड़ी सुविधा मिलेगी।

## सीआरपीएफ नीमच में 76 महिला नव आरक्षकों ने की दीक्षांत परेड

**नीमच। नवारक्षी प्रशिक्षण केन्द्र-प्रथम, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल नीमच में गुरूवार को 76 महिला नवारक्षियों द्वारा 44 सप्ताह का बुनियादी प्रशिक्षण पूर्ण करने के पश्चात शपथ ग्रहण एवं दीक्षांत परेड का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि: श्री प्रमोद कुमार सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक/प्राचार्य, रंगरूट प्रशिक्षण केन्द्र, केरिपुबल, नीमच ने परेड का निरीक्षण कर, सलामी ली। निरीक्षक/जीडी श्री नीतेश कुमार ने परेड को कमान दी।**

इस शपथ ग्रहण व दीक्षांत परेड में कुल 04 कंटीनजेंट शामिल हुए। नवारक्षियों ने सच्चे समर्पण से देश सेवा की शपथ ली। मुख्य अतिथि ने प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली नवारक्षियों को ट्रॉफी प्रदान कर उत्साह बढ़ाया। उन्होंने नवारक्षियों को देश-सेवा हेतु शुभकामनाएं व उज्जवल भविष्य की कामना की।

कमाण्डेन्ट आर.टी.सी. नीमच छोटन ठाकुर ने मुख्य अतिथि व गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में कमाण्डेन्ट प्रथम वाहिनी श्री विजय कुमार, कमाण्डेन्ट 4 सिगनल बटालियन श्री हरबिन्दर सिंह, उप कमाण्डेन्ट श्री पवन कुमार गौतम सहित अन्य अधिकारीगण, परिवारजन उपस्थित थे। अंत में परेड का समापन, धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

**एक नजर** ▸ **नीमच के युवा कलाकार राहुल लोहार की अनूठी कला को मिली सराहना**

## चाय पत्ती से उकेरी प्रधानमंत्री मोदी की तस्वीर

**नीमच।** प्रतिभा किसी संसाधन की मोहताज नहीं होती, यह बात एक बार फिर नीमच जिले के युवा कलाकार राहुल कुमार लोहार ने साबित कर दी है।

ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाले राहुल ने अपनी रचनात्मक सोच और कलात्मक कौशल का अनूठा प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक विशेष पेंटिंग तैयार की है। इस पेंटिंग की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसे किसी रंग या पेंट से नहीं, बल्कि चाय का उपयोग कर बनाया गया है।



**प्रधानमंत्री के जीवन संघर्ष को चाय के माध्यम से किया प्रदर्शित :** राहुल लोहार ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन संघर्ष और साधारण पृष्ठभूमि से देश के सर्वोच्च नेतृत्व तक पहुंचने की यात्रा ने उन्हें हमेशा प्रेरित किया है। प्रधानमंत्री के शुरुआती जीवन में चाय से जुड़े प्रसंग को ध्यान में रखते हुए उन्होंने चाय को ही अपनी कलाकृति का माध्यम बनाया।

**12 वर्षों की उपलब्धियों को कलाकृति में किया शामिल:** यह पेंटिंग केवल प्रधानमंत्री मोदी का चित्र नहीं है, बल्कि पिछले 12 वर्षों में देश में हुए महत्वपूर्ण कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं का एक कलात्मक दस्तावेज भी है। राहुल ने इस चित्र में मोदी सरकार की प्रमुख उपलब्धियों और योजनाओं को प्रतीकों के माध्यम से दर्शाया है।

**इन योजनाओं और उपलब्धियों को मिली जगह:** पेंटिंग में राम मंदिर निर्माण, चंद्रयान मिशन की सफलता, जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी, स्वच्छ भारत अभियान, प्रधानमंत्री उज्वला योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना, वंदे भारत ट्रेन, मेक इन इंडिया, आयुष्मान भारत, डिजिटल इंडिया तथा आत्मनिर्भर भारत अभियान जैसी प्रमुख उपलब्धियों को दर्शाया गया है।